श्री महेन्द्र कुमार, सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–18.02.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे मोईनुलहक स्टेडियम के ससमय निर्माण कार्य की समीक्षा पर सम्पन्न बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
2. श्री प्रेमाकांत सूर्य, अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था), पटना।
3. महाप्रबंधक, पटना मेट्रो, पटना।
4. श्रीमती नूपुर झा, उप निदेशक, खेल विभाग।
5. श्री संजय, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल विभाग।
6. श्री सत्य नारायण जोशी, PD/PM-3/DMRC, पटना।
7. श्री अरविंद कुमार, PD/PM-3/DMRC, पटना।
8. श्री संजीव दास, DPM, L&T, PCOM, पटना।
9. श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक, (प्रशासन) बी0सी0ए0, पटना।

कार्यवाही

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया गया एवं बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

(1) श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक, बी0सी0ए0 द्वारा बताया गया कि मोईनुलहक स्टेडियम के परिसर में मेट्रो, पटना एवं L&T कम्पनी का स्टोर रूम एवं कंटेनर रखे जाने के कारण कार्य शुरू करने में कठिनाईयों का उल्लेख करते हुए इस समस्या का समाधान करने हेतु अनुरोध एवं एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया गया है।

महाप्रबंधक, पटना मेट्रो, पटना एवं L&T कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा स्टोर रूम एवं कंटेनर शीघ्र हटाने पर सहमति व्यक्त की गयी।

उपर्युक्त के संबंध में सचिव, खेल विभाग द्वारा 2–3 दिनों के अंदर स्टोर रूम अन्यत्र हस्तांतरित करने एवं कंटेनर हटाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था शीघ्र करने का निदेश दिया गया।

18.2.26

बैठक में उपस्थित अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था), पटना, जिला खेल पदाधिकारी, पटना, सहायक निदेशक (क्रीड़ा), खेल विभाग, पटना, महाप्रबंधक, पटना मेट्रो, पटना, L&T कम्पनी के प्रतिनिधि एवं महाप्रबंधक, (प्रशासन) बी0सी0ए0, पटना को संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण आज दिनांक– 18.02.2026 को कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराने एवं अविलम्ब कार्य शुरू करने का निदेश दिया गया।

(2) <u>साई प्रशिक्षण केन्द्र, पटना को अन्यत्र हस्तांतरण</u>

प्रबंधक, साई, प्रशिक्षण केन्द्र, पटना को राज्य खेल अकादमी, राजगीर में तत्काल शीघ्र हस्तांतरित करने तथा इस संबंध में भारतीय खेल प्राधिकरण, नई दिल्ली को भी पुनः पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

इस संबंध में अगली बैठक **दिनांक 25.02.2026 (बुधवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे** में आहूत की जायेगी। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (BCA) के प्रतिनिधि उक्त बैठक में सभी वांछित प्रतिवेदन/अभिलेख के साथ ससमय उपस्थित रहेंगे।

धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

20/2/2026

(महेन्द्र कुमार)
सचिव।

ज्ञापांक – 1/स्था०–05–06/2024.858/ पटना, दिनांक–23.2/2026

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग /संयुक्त सचिव, खेल विभाग/ अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था), पटना/ महाप्रबंधक, पटना मेट्रो, पटना/ PD/PM-3/DMRC, पटना/ **DPM, L&T, PCOM,** पटना/ विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग/अवर सचिव, खेल विभाग (प्रभारी प्रशाखा–05)/श्री नीरज सिंह, महाप्रबंधक, प्रशासन, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन/सोमेश्वर राव, प्रभारी, साई, पटना/ आई0 टी0 मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

18.2.26

20/2/2026

सचिव।